पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या–UAHIN/25/A3123 www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 अंक : 251 हल्द्वानी गुरुवार, 16 अप्रैल 2026 मूल्य 1.00 रुपये पृष्ठः 8

## एक नजर

### लोक भवन में बहुउद्देशीय भवनों का शिलान्यास, एक परिसर में मिलेंगी सभी राज्यपाल




**देहरादून।** राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज लोक भवन परिसर में बहुउद्देशीय भवनों का शिलान्यास किया। इन भवनों में समेकित डिस्पेंसरी (आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक व एलोपैथिक), सूचना परिसर, कैफेटेरिया, लोक निर्माण विभाग व उद्यान विभाग के कार्यालय बनाए जाएंगे। भवनों का निर्माण पारंपरिक पहाड़ी वास्तुकला के अनुरूप किया जाएगा। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से एक ही परिसर में विभिन्न सेवाएं उपलब्ध होने से प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और आमजन को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

### ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत पर ठंडी सड़क में बवाल

**हल्द्वानी।** ठंडी सड़क स्थित एक निजी नेत्र अस्पताल में आंखों के ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत होने के आरोप में आज जमकर हंगामा हुआ। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया, जिसके चलते अस्पताल परिसर में काफी देर तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। जानकारी के अनुसार, एक मरीज का आंखों का ऑपरेशन किया गया था, लेकिन ऑपरेशन के बाद उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि समय पर उचित उपचार नहीं मिलने के कारण मरीज की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने समाजसेवी हरीश पनेरू के नेतृत्व में अस्पताल पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल प्रशासन और संबंधित डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने लोगों को शांत कराते हुए मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# चारधाम यात्रा 19 से शुरू, तैयारियों को अंतिम रूप

## इस बार बिना संख्या सीमा के होंगे दर्शन, बदरी-केदार में मोबाइल प्रतिबंध



**देहरादून/उत्तराखंड।** देवभूमि उत्तराखंड में बहुप्रतीक्षित चारधाम यात्रा का शुभारंभ 19 अप्रैल से होने जा रहा है। इसी दिन गंगोत्री व यमुनोत्री के कपाट खुलेंगे। इसके बाद 22 अप्रैल केदारनाथ और 23 अप्रैल को बदरीनाथ मंदिर के कपाट खुलने के साथ यात्रा पूर्ण रूप से संचालित होगी। राज्य सरकार ने यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

अब तक यात्रा के लिए 17.28 लाख से अधिक श्रद्धालु ऑनलाइन पंजीकरण कर चुके हैं, जिससे इस वर्ष भी रिकॉर्ड संख्या में यात्रियों के आने की संभावना जताई जा रही है।

इस बार सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए चारों धामों में प्रतिदिन दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की अधिकतम संख्या की सीमा को समाप्त कर दिया है। पिछले वर्ष भीड़ नियंत्रण के लिए यह व्यवस्था लागू थी, लेकिन इस बार सभी पंजीकृत श्रद्धालुओं को दर्शन कराने की योजना बनाई गई है। सरकार ने धामों की पवित्रता बनाए रखने के लिए कड़ा निर्णय लिया है। बदरीनाथ और केदारनाथ मंदिर परिसर में मोबाइल फोन ले जाने, रील बनाने और वीडियोग्राफी पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। श्रद्धालुओं के लिए बीकेटीसी की ओर से क्लॉक रूम की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस वर्ष बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में विशेष पूजा के शुल्क में बढ़ोतरी की गई है। बदरीनाथ में श्रीमद्भागवत कथा के लिए एक लाख रुपये, जबकि केदारनाथ में दिनभर की विशेष पूजा के लिए 51 हजार रुपये निर्धारित किए गए हैं। भीड़ नियंत्रण के मद्देनजर विशेष पूजाएं रात के समय कराई जाएंगी, जबकि दिन में सामान्य दर्शन होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा राज्य की अर्थव्यवस्था और रोजगार की रीढ़ है। सरकार का उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान कर सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करना है, ताकि देवभूमि से वे सकारात्मक अनुभव लेकर लौटें।

चारधाम यात्रा हर वर्ष लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है, जिससे पर्यटन, होटल व्यवसाय, परिवहन और स्थानीय रोजगार को बड़ा सहारा मिलता है। इस बार नई व्यवस्थाओं के साथ यात्रा और अधिक व्यवस्थित और अनुशासित होने की उम्मीद है।

# अधोमानक शहद मामले में डाबर इंडिया पर 4 लाख व दुकानदार पर 30 हजार जुर्माना

**( पर्वत प्रेरणा संवाददाता )**

**अल्मोड़ा।** न्यायालय अभिनिर्णायक अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट, अल्मोड़ा ने खाद्य सुरक्षा मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए डाबर इंडिया लिमिटेड पर 4 लाख तथा स्थानीय व्यापारी पर 30 हजार का अर्थदंड लगाया है।

मामला वर्ष 2020 में उस समय का है जब खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खजान्ची मोहल्ला स्थित आर.डी. स्टोर से डाबर हनी का नमूना जांच हेतु लिया था। जांच के लिए भेजे गए नमूने की रिपोर्ट में शहद को अधोमानक पाया गया।

खाद्य विश्लेषण रिपोर्ट दिनांक 01 फरवरी 2021 के आधार पर विभाग ने कार्रवाई शुरू की थी। इसके बाद मामले में दोनों पक्षों—दुकानदार श्री अनिल शाह एवं डाबर इंडिया लिमिटेड—को नोटिस जारी किया गया।

सुनवाई के दौरान दुकानदार की ओर से यह दावा किया गया कि उत्पाद सीलबंद स्थिति में खरीदा गया था, जबकि कंपनी की ओर से जांच रिपोर्ट पर आपत्ति जताई गई और तर्क दिया गया कि परीक्षण मानक हर शुद्ध शहद पर भी प्रतिकूल परिणाम दे सकता है। हालांकि दोनों पक्षों की ओर से पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए। न्यायालय ने रिकॉर्ड और खाद्य सुरक्षा अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर माना कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन हुआ है। इसके बाद अदालत ने डाबर इंडिया लिमिटेड पर 4,00,000 तथा दुकानदार पर 30,000 का जुर्माना लगाया।

आदेश में कहा गया है कि जुर्माना 30 दिनों के भीतर सरकारी खाते में जमा किया जाए, अन्यथा इसे भू-राजस्व की तरह वसूला जाएगा। इस फैसले को खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिससे बाजार में मिलावट और गुणवत्ता मानकों के उल्लंघन पर सख्त संदेश गया है।

## सीएमओ ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों का किया निरीक्षण

**लोहाघाट।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेश चौहान एवं उप जिलाधिकारी लोहाघाट नीतू डांगर के द्वारा लोहाघाट क्षेत्र के एक निजी अल्ट्रासाउंड केन्द्र व राजकीय पशु चिकित्सालय में स्थापित अल्ट्रासाउंड मशीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा फॉर्म एफ, ओपीडी पंजिका, मशीन क्रय के दस्तावेज एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया गया। अभिलेखों के मिलान में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर चौहान ने कहा कि जनपद में समय-समय पर अल्ट्रासाउंड केंद्रों एवं चिकित्सालयों के निरीक्षण किये जाते रहेंगे अतः सभी के द्वारा यह सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी दशा में भ्रूण का लिंग परीक्षण एवं कन्या भ्रूण हत्या जैसे कृत्य ना हों।

# कालाढूंगी चौराहे पर चला विशेष स्वच्छता अभियान, महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने किया नेतृत्व

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**हल्द्वानी।** नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को कालाढूंगी चौराहे पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने किया।



इस दौरान क्षेत्र में नालियों की सफाई, कूड़ा उठान और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित की गई। अभियान में वार्ड 19 के पार्षद राजेंद्र अग्रवाल, वार्ड 18 के पार्षद हरगोविंद सिंह सहित नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। स्थानीय नागरिकों ने भी अभियान में सहभागिता करते हुए इसकी सराहना की। महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि बरसात से पूर्व प्रत्येक वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा, ताकि नालियों में अवरोध न रहे और जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। जब तक जनसहभागिता नहीं बढ़ेगी, तब तक स्थायी स्वच्छता संभव नहीं है। लोगों से कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालने की अपील भी की गई।

महापौर ने यह भी बताया कि आधुनिक संसाधनों और बेहतर प्रबंधन के माध्यम से शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही, सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि स्वच्छ हल्द्वानी, सुंदर हल्द्वानी और सुरक्षित हल्द्वानी नगर निगम का संकल्प है, जिसे जनसहभागिता से साकार किया जाएगा। नगर निगम द्वारा आगामी दिनों में भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे, ताकि नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके।

## सम्पादकीय

### 'प्रतिशत की दौड़ में खोती शिक्षा, और संस्कारों का संकट

आज की शिक्षा व्यवस्था एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहाँ उसका मूल उद्देश्य धुंधला पड़ता जा रहा है। कभी शिक्षा का अर्थ व्यक्ति के समग्र विकास, नैतिक मूल्यों के निर्माण और समाज के प्रति जिम्मेदारी के बोध से जोड़ा जाता था। लेकिन वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा का केंद्रबिंदु केवल 'प्रतिशत' बनकर रह गया है। यह प्रवृत्ति न केवल चिंताजनक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक गंभीर खतरे का संकेत भी देती है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की योग्यता का आकलन अब उनके ज्ञान, समझ और व्यवहार से अधिक उनके अंकों के आधार पर किया जाने लगा है। माता-पिता, शिक्षक और स्वयं छात्र भी इस प्रतिस्पर्धा में इस कदर उलझ चुके हैं कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य पीछे छूट गया है। उच्च प्रतिशत प्राप्त करने की होड़ ने विद्यार्थियों को रचनात्मकता, जिज्ञासा और आत्मविकास से दूर कर दिया है। इस अंक-केंद्रित व्यवस्था का एक बड़ा दुष्परिणाम यह भी है कि बच्चों में संस्कारों और नैतिक मूल्यों की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है। जहां पहले शिक्षा का उद्देश्य 'अच्छा इंसान' बनाना था, वहीं अब 'सफल' बनने की परिभाषा केवल अच्छे अंक और आकर्षक करियर तक सीमित हो गई है। परिणामस्वरूप, विनम्रता, सहानुभूति, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे गुण धीरे-धीरे क्षीण होते जा रहे हैं। यह स्थिति केवल विद्यार्थियों तक सीमित नहीं है। समाज और परिवार की भूमिका भी इसमें कम नहीं है। अभिभावक अक्सर बच्चों पर अधिक अंक लाने का दबाव डालते हैं, जिससे बच्चे मानसिक तनाव का शिकार हो जाते हैं। वहीं, शिक्षा संस्थान भी परिणाम आधारित प्रतिष्ठा के चलते इस प्रवृत्ति को बढ़ावा देते हैं। समाधान की दिशा में सोचने की आवश्यकता है। सबसे पहले, हमें शिक्षा के उद्देश्य को पुन: परिभाषित करना होगा।पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा, जीवन कौशल और सामाजिक मूल्यों को समान महत्व देना होगा। शिक्षकों को भी केवल पाठ पढ़ाने के बजाय छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण पर ध्यान देना होगा। इसके साथ ही, अभिभावकों को यह समझना होगा कि बच्चों की सफलता केवल अंकों में नहीं, बल्कि उनके चरित्र और व्यवहार में भी निहित होती है। यदि हम चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ी केवल बुद्धिमान ही नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार भी बने, तो हमें शिक्षा को 'प्रतिशत' की संकीर्ण परिभाषा से बाहर निकालना होगा। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य 'अच्छे अंक' नहीं, बल्कि 'अच्छे इंसान' तैयार करना होना चाहिए। यदि हम इस मूल भावना को पुनर्जीवित नहीं कर पाए, तो समाज में ज्ञान तो होगा, लेकिन विवेक और संवेदना का अभाव हमें गंभीर परिणामों की ओर ले जाएगा।

# डीएम साहिबा दिलवा दीजिए एक करोड़ 45 लाख की बकाया धनराशि

## कर्मचारी बकाया राशि मिलने की देख रहे राह

**बागेश्वर।** अल्मोड़ा मैग्नेसाइट फैक्ट्री के कर्मचारी अपनी पुरानी मांग को लेकर आंदोलन के बाद कंपनी कर्मचारियों को उनके बकाया देयकों का शीघ्र भुगतान करने का आदेश मिलने के बाद भी अब तक पिछले बकाया देयकों का भुगतान नही होने से आर्थिक तंगी की मार झेल रहे हैं।कर्मचारी लगातार कंपनी के खाते में आने वाली एक करोड़ 45 लाख की धनराशि अभी तक नहीं मिल पाने से परेशान है। इस कारण उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। अपने पैसे के भुगतान और परिवार के संचालन हेतु कब मिलेगी अवशेष राशि इसका इंतजार करते करते परेशान हो गए हैं। कर्मचारी अब कम्पनी से शीघ्र अपने परिवार के भरण पोषण और अपने बच्चों की पड़ाई और अन्य खर्चो हेतु जल्द अवशेष देयकों का भुगतान किए जाने की मांग करते हुए जिलाधिकारी से पूर्व में हुए समझौते के आधार पर कम्पनी में कार्यरत कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए अवशेष देयकों का भुगतान कराने की मांग को लेकर पुन: जिलाधिकारी के पास पहुंच गए हैं।जिला मुख्यालय पहुंचने से पूर्व कर्मचारी नेताओ ने अपनी मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर जल्द समाधान की मांग उठाई।



वक्ताओं ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद फैक्ट्री को नया जीवन मिला, लेकिन लंबे समय तक बंद रहने से कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। कहा कि कड़ी मेहनत के बाद मिलने वाली राशि का भुगतान नही होने से वे जैसे तैसे अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं।वही कर्मचारियों के बच्चे समय से अपनी फीस जमा नही कर पा रहे हैं, उच्च शिक्षा प्राप्त करने की चाह रखने वाले कर्मचारियों के बच्चे अच्छे कॉलेजों में दाखिला तक नही ले पा रहे हैं। जिस कारण वे आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हो गए हैं।कहा कि जल्द उनके अवशेष देयकों का भुगतान नही किया गया तो वे प्रबंधन और सरकार के खिलाफ सड़को में उतरने को मजबूर होंगे।उन्होंने जिलाधिकारी से कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र अवशेष भुगतान कराए जाने की मांग की।वही क्षेपं सदस्य फौजी फतेह सिंह करायत ने भी जनहित में कर्मचारियों के साथ मिलकर जल्दअवशेष देयकों का भुगतान नही कराए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।ज्ञापन देने वालों में कर्मचारी नेता गायत्री प्रसाद, शांति लाल,सुरेंद्र लाल,राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

## चाहे जितनी तिकड़म लड़ा ले केजरीवाल का जेल जाना तय: मारवाह

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** दिल्ली जंगपुरा विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक सरदार तरविंदर सिंह मारवाह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल कितनी भी तिकडम लड़ा ले लेकिन उनका जेल जाना तय है। विधायक मारवाह करतारपुर स्थित अपने परिचित वीर सिंह के आवास पर पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के 11 साल के शासनकाल में विकास की रफ्तार पूरी तरह से थम गई थी और भ्रष्टाचार पनप रहा था। केजरीवाल सरकार में बजट 77000 करोड़ था जिसमें केजरीवाल की सरकार मात्र 65000 करोड़ खर्च कर पाई और वर्तमान में भाजपा सरकार में 27 प्रतिशत बजट बढ़ गया जो 1 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की सरकार में दिल्ली विकास से कोसों दूर चली गई थी और वही हाल पंजाब राज्य का भी है क्योंकि जहां भी आम आदमी पार्टी वाली सरकार बनती है वहां का विनाश तय है।उन्होंने कहा कि केजरीवाल बचने के लिए ड्रामा कर रहे हैं क्योंकि उनका अस्तित्व खत्म हो चुका है और उनका जेल जाना तय है क्योंकि अब उनका दिल्ली में उनका कोई नाम लेवा भी नहीं है। विधायक ने कहा कि दिल्ली में रेखा गुप्ता सरकार निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और जनता के हितों से जुड़े हुए मुद्दों का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से देहरादून कॉरिडोर बनाया जिसमें दिल्ली उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य को बहुत फायदा होगा और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।



उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबसे ज्यादा विकास कार्य कर रही है दिल्ली में जो कूड़े का पहाड़ था वह लगभग समाप्त हो चुका है और आने वाले कुछ वर्षों में यह पूरी तरह से साफ हो जाएगा और इसकी जगह पार्क स्थापित होगा। उन्होंने कहा भाजपा सरकार में महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों, युवाओं के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका लाभ उनको मिल रहा है। वहीं किसानों के लिए भी सरकार में योजनाएं चलाई हैं और बिचलियों को अस्तित्व समाप्त कर दिया गया है। विधायक ने कहा कि दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू है जो केजरीवाल सरकार ने नहीं चलाई थी सिर्फ मोदी विरोध को लेकर। क्योंकि वह अपने आप को मोदी से बड़ा नेता साबित करना चाहते थे लेकिन दिल्ली की जनता ने उन्हें पूरी तरह से नकार दिया और धरती पर ला पटका। लेकिन आज आयुष्मान योजना का लाभ आम जनमानस को मिल रहा है और 10 लख रुपए तक का निशुल्क इलाज किया जा रहा है।

# आरएएन पब्लिक स्कूल के भी छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम













**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** कक्षा 10 सीबीएसई परिणाम आरएएन पब्लिक स्कूल, भूरारानी, रुद्रपुर आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल, भूरारानी, रुद्रपुर ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षिक परंपरा को कायम रखते हुए सत्र 2025-26 के सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा परिणामों में शानदार सफलता प्राप्त की है।

इस वर्ष भी कक्षा 10 के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। सत्र 2025-26 के विद्यालय के टॉपर्स अश्विना अरोड़ा 98 प्रतिशत (विद्यालय में प्रथम स्थान) हर्षिता पनेरू 97.8 प्रतिशत आवनी बोहरा 97.4, नव्या सिंह 97.4 रहे।

विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि 35 प्रतिशत छात्रों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त, 30 से अधिक छात्रों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। कक्षा का कुल औसत परिणाम 82 प्रतिशत रहा, जो एक सराहनीय उपलब्धि है।

छात्रों का यह उत्कृष्ट परिणाम उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। यह सफलता विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षिक व्यवस्था एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पद्धति को भी दर्शाती है।परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने विद्यालय पहुँचकर इस सफलता का जश्न मनाया तथा शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल छात्रों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। प्रबंधन ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की लगन, शिक्षकों की समर्पित मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध है।आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए समर्पित रहेगा।

**आवश्यकता है**

**हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋशिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।**

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735

**आपका सुझाव - हमारी दिशा**

**प्रिय स्नेही जन**

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordaillyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408

**सम्पादक: सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# मण्डी समितियों में खोले जाएंगे बड़े रिटेलर कांउटर : डब्बू

जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा



**रूद्रपुर।** उत्तराखण्ड मण्डी परिषद के अध्यक्ष, डा0 अनिल कपूर डब्बू एवं विपणन बोर्ड द्वारा अधिकारियों एवं मंडी सचिव के साथ मंडी निदेशालय में बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार उत्तराखण्ड के आमजनमानस को फल एवं सब्जी एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं उचित मूल्य पर मिल सके तथा मंहगाई से किस प्रकार राहत दी जा सके, इस संदर्भ में विचार विमर्श किया गया।

बैठक में निर्णय किया गया कि प्रत्येक मण्डी समिति में 05-05 बड़े रिटेलर काउंटर खोले जायेंगे, जिसके माध्यम से जनता को सस्ते एवं उचित मूल्य पर फल एवं सब्जी एवं दैनिक आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करायी जायेंगी। अध्यक्ष ने सभी मंडी सचिवों को निर्देश दिये कि प्रतिदिन 03 सदस्यीय सचल दल का गठन करते हुए प्रतिदिन बाजार का भ्रमण करेंगे एवं फल तथा सब्जियों का दैनिक खुदरा दरों का आंकलन कर प्रतिदिन बोर्ड मुख्यालय को सूचना उपलब्ध करायेंगे। उन्होने निर्देश दिये कि समिति के अधीन आने वाले क्षेत्र के प्रत्येक खुदरा व्यापारी को लाईसेंस जारी किया जायेगा कहीं भी आम उपभोक्ता को किसी प्रकार की मंहगाई की मार न पड़े और उपभोक्ता को सस्ते दरों में सामाग्री उपलब्ध हो इसकी चिंता सचल दल करेगा, इसके अतिरिक्त मोबाईल वैन के माध्यम सस्ती दरों पर उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर सामग्री उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आम जनता के हित में इस प्रकार के निर्देश दिये गये है जिसका अनुपालन शतप्रतिशत सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा चारधाम यात्रा सीजन एवं पर्यटन सीजन में कहीं भी आम जनता एवं पर्यटकों को महंगी सामग्री बेचता हुआ कोई पाया गया तो उसके खिलाफ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान सचिव हेमन्त वर्मा, निर्मला बिष्ट, वित्त नियंत्रक जुबक मोहन सक्सेना आदि मौजूद थे व सभी मंडी सचिव वर्चुअल जुड़े थे।

# कूड़े से कॉलेज रोड जंगल की दयनीय स्थिति वैली क्रिएशन चलाएगा मेरा जंगल मेरी जिम्मेदारी अभियान



**लोहाघाट।** महाविद्यालय सड़क के जंगल की कूड़े से हुई दयनीय स्थिति को देखते हुए वैली क्रिएशन संस्था मेरा जंगल मेरी जिम्मेदारी अभियान संचालित करने जा रही है। वैली क्रिएशन की अध्यक्ष नेहा मुरारी ने बताया लोहाघाट महाविद्यालय रोड के पास स्थित जंगल की स्थिति इस समय बेहद चिंताजनक और दयनीय बनी हुई है। पूरा जंगल प्लास्टिक और कूड़े से भर चुका है। जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है और आसपास के क्षेत्र में गंदगी लगातार बढ़ती जा रही है। नेहा ने कहा इस गंभीर समस्या को देखते हुए वाले क्रिएशन संस्था ने अगले सप्ताह से 5 दिवसीय जागरूकता अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा यह अभी एक शुरुआत है, लेकिन संस्था का उद्देश्य इस दिशा में लगातार और लंबे समय तक कार्य करना है। कहा पूरे क्षेत्र में कूड़ेदान की व्यवस्था न होने के कारण लोग मजबूरी में कूड़ा देवदार बनी में इधर-उधर फेंक रहे हैं। इसलिए संस्था ने प्रशासन से अपील करने का निर्णय लिया है कि पूरी कॉलेज रोड पर कूड़ेदान लगवाए जाएं, ताकि लोग सही स्थान पर कूड़ा डाल सकें। इसके अलावा घर-घर से कूड़ा वहां के जरिए कूड़ा उठाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नेहा मुरारी ने कहा इसके साथ ही, स्वयंसेवकों द्वारा जंगल में फैले कूड़े को हटाने का कार्य भी किया जाएगा और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।संस्था की अध्यक्षा नेहा मुरारी ने सभी नागरिकों से अपील करती हूँ कि अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें और जंगल में कूड़ा फेंकने से बचें। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने पर्यावरण की रक्षा करें।

साथ ही जो लोग लापरवाही से कूड़ा फैला रहे हैं, उनसे अनुरोध नहीं बल्कि चेतावनी है कि वे अपनी आदतों में सुधार करें, अन्यथा इसका नुकसान हम सबको और आने वाली पीढ़ियों को उठाना पड़ेगा। कहा आइए मिलकर अपने जंगल को बचाएं, क्योंकि जंगल हमारी आत्मा है।

# जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के दिए निर्देश

**उत्तरकाशी ।** जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चारधाम यात्रा के दृष्टिगत जनपद में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी जाएं। उन्होंने कहा कि डामटा-नौगांव राजमार्ग पर चल रहे निर्माण कार्यों को गुणवत्ता और सुगमता के साथ किया जाए ताकि तीर्थयात्रियों और स्थानीय जनता को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मार्ग के संवेदनशील और संकरे स्थानों पर सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए और यात्रा शुरू होने से पूर्व सभी आवश्यक प्रबंध हर हाल में पूरे कर लिए जाएं, जिससे चारधाम यात्रा सुरक्षित और निर्बाध रूप से संचालित हो सके।

अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग खंड लोनिवि बड़कोट ने सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि डामटा से नौगांव के मध्य विभिन्न निर्माण कार्य फर्मों द्वारा कार्य तेजी से किया जा रहा है। डामटा से रिखाऊ खड्ड के मध्य साईड कटिंग, जीएसबी और डब्ल्यूएमएम का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। रिखाऊ से नौगांव के मध्य सड़क चौड़ीकरण का कार्य माह नवंबर 2025 से निरंतर जारी है। प्रगति रिपोर्ट के अनुसार 25.400 किलोमीटर की कुल लंबाई में से अब तक 20.400 किलोमीटर हिस्से में साइड कटिंग तथा 3.00 किलोमीटर में जीएसबी का कार्य पूरा कर लिया गया है। मार्ग चौड़ीकरण के दौरान पूर्व निर्मित मार्ग की सतह, नालियां और नारदाने क्षतिग्रस्त हुए थे, जिनके सुधार हेतु त्वरित कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में 29 चयनित स्थानों पर 600 मीटर लंबाई में कवर्ड आरसीसी ड्रेन का निर्माण कार्य गतिमान है। मार्ग की सुरक्षा और सुगमता सुनिश्चित करने के लिए संपूर्ण लंबाई में कटिंग स्लिप हटाकर कच्चे पैच और जीएसबी के माध्यम से मार्ग की सतह को व्यवस्थित किया गया है। तीव्र पहाड़ी ढाल और चट्टानी क्षेत्रों में जहां कटिंग के दौरान क्रैश बैरियर क्षतिग्रस्त हुए थे, वहां यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत सावधानी हेतु कॉशन टेप, सूचना बोर्ड और रिफ्लेक्टिंग साइन मार्क स्थापित किए गए हैं। अधिशासी अभियंता ने यह भी स्पष्ट किया है कि सड़क के चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण होने के उपरांत सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने हेतु पूरी लंबाई में मेटल बीम क्रैश बैरियर स्थापित किए जाएंगे। प्रशासन द्वारा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि यात्रा सीजन और स्थानीय आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# धराली-हर्षिल आपदा: 12.89 करोड़ राहत वितरित

**उत्तरकाशी।** धराली-हर्षिल क्षेत्र में गत वर्ष आई आपदा के बाद जिला प्रशासन ने प्रभावितों को राहत एवं पुनर्वास के तहत अब तक 12.89 करोड़ की धनराशि वितरित की है। प्रशासन द्वारा मृतकों के आश्रितों, घायलों, क्षतिग्रस्त मकानों एवं होटल-दुकान स्वामियों को आर्थिक सहायता दी गई है। 115 क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 5.75 करोड़ और 67 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को 5.30 करोड़ से अधिक की सहायता प्रदान की गई। इसके अलावा बेघर परिवारों को किराया सहायता, किसानों व पशुपालकों को भी मुआवजा दिया गया है। आजीविका सुधार हेतु 84 परिवारों को 3 लाख प्रति परिवार की सहायता स्वीकृत की गई है।

# फार्मर डिजिटल आईडी तैयार करा ले किसान : मिश्रा

जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा



**रुद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि सभी किसान अपनी फार्मर डिजिटल आई डी ( फार्मर रजिस्ट्री) तत्काल तैयार करा लीजिए। राज्य सरकार एवं भारत सरकार की विभिन्न योजनाओ (उर्वरक सहित) का लाभ फार्मर डिजिटल आई डी ( फार्मर रजिस्ट्री) के आधार पर ही मिलेगा इसलिए तत्काल अपनी आई डी तैयार करा लीजिए। उन्होंने कहा कि फार्मर डिजिटल आई डी ( फार्मर रजिस्ट्री) के लिए कृषि विभाग/उधान विभाग/गन्ना विभाग/मत्स्य विभाग/डेयरी विकास विभाग/ग्राम्य विकास विभाग/पंचायत राज विभाग के कर्मचारीगण 30 अप्रेल तक आपके गॉव/आपकी पंचायत में कैम्प करेंगे। किसान फार्मर डिजिटल आई डी ( फार्मर रजिस्ट्री) जन सेवा केंद्र (सी एच सी ) के माध्यम से भी करा सकते हैं। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा किसानों के उत्थान का प्रयास करती है और किसानों के हित में अनेक लाभकारी योजनाएं चला रखी हैं जिसका देश के सभी किसानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश का किसान अन्नदाता है और भाजपा सरकार अन्नदाता के हर हित का समाधान करेगी, ताकि किसान और तरक्की कर सके तथा देश की प्रगति में अपना और अधिक योगदान दे सके। उन्होंने सभी किसानों से इस योजना का लाभ लेने की अपील की है।

# गांजा, तमंचे व कारतूस समेत दो शातिर गिरफ्तार



जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा

**रुद्रपुर।** ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के कुशल निर्देशन में जनपद में अवैध नशे एवं अवैध असलहों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में कोतवाली बाजपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान कोतवाली बाजपुर क्षेत्रांतर्गत लेवडा नदी तिराहे के पास से पुलिस टीम ने 02 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर तलाशी ली। जिनके कब्जे से कुल 02.664 किलोग्राम गांजा, 03 अवैध तमंचा (315 बोर) व 02 जिन्दा कारतूस (315 बोर) बरामद हुए।बरामदगी के आधार पर दोनों अभियुक्तों को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सेरान अन्सारी पुत्र मुरसलीन अहमद निवासी खताड़ी, ब्लाक रोड, नियर गुलशने ए हयात, थाना रामनगर, जिला नैनीताल और मौ0 अबूजर पुत्र मौ0 विलाल निवासी खताड़ी, मीट मार्केट, ब्लाक रोड, खताड़ी, थाना रामनगर, जिला नैनीताल है। पुलिस टीम में विक्रम सिंह धामी, धीरेन्द्र सिंह परिहार, कैलाश नगरकोटी,जगदीश कोठियाल, मौ. इरफान शामिल थे।

# एआई आधारित 'विधि सहयोगी' एप से आसान होगी कानूनी जानकारी की पहुंच



**अल्मोड़ा।** गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल), राज्यपाल एवं कुलाधिपति, के समक्ष सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति सतपाल सिंह बिष्ट ने 'विधि सहयोगी' नामक एआई आधारित मोबाइल एप का प्रस्तुतीकरण किया। कुलपति प्रो. बिष्ट ने बताया कि यह एप आम लोगों को सरल भाषा में कानूनी जानकारी उपलब्ध कराने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा विधिक सहायता तक पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। एप के माध्यम से उपयोगकर्ता विभिन्न कानूनी विषयों की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अध्ययन सामग्री भी हासिल कर सकेंगे और आवश्यकता पड़ने पर अधिवक्ताओं से संपर्क कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि भविष्य में एप में ऑनलाइन परामर्श, केस ट्रैकिंग, दस्तावेज प्रबंधन तथा सरकारी योजनाओं से जुड़ी सुविधाएं भी जोड़ी जाएंगी। फिलहाल एप पर कार्य प्रगति पर है और इसे जल्द ही लॉन्च किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने एप निर्माण में जुटी टीम एवं विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नवाचार समाज में विधिक जागरूकता बढ़ाने और लोगों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने एप में नियमित सुधार एवं अपडेट करने तथा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया। साथ ही लॉन्च से पूर्व जागरूकता के लिए कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी कौशल किशोर शुक्ल एवं अपर सचिव रीना जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान ओपीएस बहाली को लेकर प्रदर्शन, कर्मचारियों में निराशा




**पौड़ी।** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा उत्तराखंड के बैनर तले आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड दौरे के दौरान कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान एनओपीआरयूएफ के पदाधिकारी देहरादून स्थित गांधी पार्क में एकत्रित हुए, जबकि कुछ कर्मचारी प्रेमनगर और गढ़ीकैंट क्षेत्रों में मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर चौकी धारा और चौकी घंटाघर पहुंचाया, जहां उन्हें दोपहर 3:10 बजे रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद प्रदर्शनकारियों ने पुरानी पेंशन बहाली से संबंधित ज्ञापन चौकी प्रभारी को सौंपा। एनओपीआरयूएफ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे से कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन उनके संबोधन में इस मुद्दे का उल्लेख न होने से कर्मचारियों में निराशा व्याप्त है। उन्होंने कहा कि ओपीएस केवल एक योजना नहीं, बल्कि कर्मचारियों के बुढ़ापे की सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार है, जो महंगाई के अनुरूप स्थिर और सुनिश्चित आय प्रदान करती है। प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल ने कहा कि जब एक दिन के सांसद और विधायक को पुरानी पेंशन का लाभ मिल सकता है, तो 30-40 वर्षों तक सेवा देने वाले कर्मचारियों को इससे वंचित रखना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी 1 मई को गढ़वाल कमिश्नरी, पौड़ी का विशाल घेराव किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर से हजारों अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी भाग लेंगे। प्रदेश समन्वयक लक्ष्मण सिंह सजवान ने वर्तमान NPS व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि कर्मचारियों की कमाई को शेयर बाजार में निवेश करना जोखिमपूर्ण है, जबकि ओपीएस एक सुरक्षित, गारंटीड और पारदर्शी व्यवस्था है। जिला अध्यक्ष रुद्रप्रयाग अंकित रौथान ने कहा कि एनओपीआरयूएफ लगातार इस मुद्दे को उठा रहा है, लेकिन सरकार अब तक इस पर गंभीरता से विचार नहीं कर रही है, जबकि यह कर्मचारियों के भविष्य और बुढ़ापे की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। इस अवसर पर प्रवीण घिल्डियाल, राकेश, पवन नौटियाल, आशीष, सुनील नेगी और दिगपाल बिष्ट सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समलौण पहल के तहत पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




**पौड़ी गढ़वाल , अंकित उनियाल।** जनपद पौड़ी गढ़वाल में समलौण पहल के तहत विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस पहल के माध्यम से लोगों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने और हर शुभ अवसर को हरियाली से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विकास खण्ड पौड़ी के पट्टी कण्डारस्यू स्थित ग्राम पैलार में हरेन्द्र सिंह नेगी एवं सावित्री देवी के पुत्र के विवाह उपरांत नवदम्पति अनूप और ममता ने अपने घर के आंगन में मौसमी का पौधा रोपकर अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत को यादगार बनाया। इस अवसर पर पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी सावित्री देवी ने ली। कार्यक्रम का संचालन गांव की समलौण सेना नायिका सतेश्वरी देवी ने किया। उन्होंने कहा कि वृक्षों का मानव जीवन से गहरा संबंध है और यह जन्म से लेकर मृत्यु तक हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। वृक्ष न केवल ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि हर शुभ अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें और पौधों की भावनात्मक रूप से देखभाल भी करें।

इस कार्यक्रम में लक्ष्मी देवी, पूजा देवी, अनीता देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान परिवार की ओर से समलौण सेना को 251 रुपये की सम्मान राशि भी भेंट की गई।

वहीं विकास खण्ड कल्जीखाल के पट्टी पटवासयूं के ग्राम नलई में वैशाखी पर्व के अवसर पर भी समलौण पहल के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समलौण आंदोलन के जिला संयोजक पवन पटवाल ने बच्चों के साथ भूमियाल देवता के मंदिर में पुष्प अर्पित कर किया। इस मौके पर पूर्व विधानसभा सचिव जगदीश चंद्रा, कुलदीप रावत, हेमेन्द्र और जितेंद्र रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा फूल अर्पित करने वाले बच्चों को उपहार भी वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान तेजपत्ता का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया, जिसकी जिम्मेदारी पवन पटवाल ने ली। साथ ही बच्चों द्वारा अतिथियों को पुष्प पौधे भेंट किए गए। कार्यक्रम में फुलारी, रितिका, सृष्टि, श्रेया, नैंसी, आराध्य, मानवी, रुद्र, कार्तिक, आरुषि, गुनगुन, सरपंच अजय नेगी, शौकर सिंह नेगी, जगदंबा उनियाल, चंडी प्रसाद और गणेश प्रसाद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समलौण पहल के माध्यम से क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है, जिसमें समाज के हर वर्ग की सक्रिय सहभागिता देखने को मिल रही है।

# स्थानीय उत्पाद को मिली नई पहचान

## कौसानी चाय की पैकेजिंग का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ, महिलाओं को मिलेगा बाजार से सीधा जुड़ाव




**बागेश्वर,गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे द्वारा कौसानी चाय की स्थानीय स्तर पर पैकेजिंग व्यवस्था का शुभारंभ किया गया। इस पहल के तहत अब स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं कौसानी चाय की पैकेजिंग का कार्य करेंगी, जिससे स्थानीय उत्पाद को बाजार में बेहतर पहचान और उचित मूल्य मिल सकेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि कौसानी चाय में अपार संभावनाएं हैं और इसकी सही ब्रांडिंग व पैकेजिंग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से उत्पाद के पीछे की सोच और उद्देश्य को समझते हुए एक मजबूत विपणन रणनीति तैयार की जाएगी, जिससे इसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जा सके। यह एक शुरुआत है और आगे सभी आवश्यक कदम योजनाबद्ध तरीके से उठाए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने बताया कि कौसानी चाय के प्रचार-प्रसार हेतु प्रमुख पर्यटन स्थलों पर स्टॉल स्थापित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक पर्यटकों तक यह उत्पाद पहुंच सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया तथा उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल रीप एवं मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों को सशक्त बनाने और उन्हें बाजार तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे महिलाओं की आजीविका सुदृढ़ होगी और उत्पाद को उसका उचित मूल्य एवं पहचान मिल सकेगी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीओ शिल्पी पंत ने बताया कि क्लस्टर स्तरीय संकल्प के माध्यम से मार्केटिंग में सहयोग के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे कि महिलाओं में मार्केटिंग को लेकर जो भी समस्याएं आ रही है उसका समाधान हो सके। बैठक में परियोजना प्रबंधक मोहम्मद आरिफ समेत संबंधित विभागों के अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# जिला अस्पताल में हुई विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती

**बागेश्वर।** जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु लगातार स्वास्थ्य सेवा का प्रमुख केंद्र समझे जाने वाले जिला अस्पताल में योग्य अनुभवी विशेषज्ञ की तैनाती करने की मांग उठ रही थी। वही कुछ दिन पूर्व बागेश्वर संघर्ष वाहिनी जिलाध्यक्ष कवि जोशी ने भी स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार और अन्य समस्याओं का जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अनुभाग द्वारा जिला अस्पताल बागेश्वर में एक नए विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती की गई है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुमार आदित्य तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा डॉ. गौरव सिंह कैड़ा को उनकी पीजी शिक्षा पूर्ण करने के उपरांत जिला चिकित्सालय बागेश्वर में नियुक्त किया गया है। जिला के चिकित्सा अधीक्षक डॉ तपन शर्मा ने बताया कि डॉ. कैड़ा पूर्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालाखेत, बेतालघाट (जनपद नैनीताल) में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। उनकी इस नई तैनाती को राज्यपाल की ओर से सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गई है। उच्च शिक्षित विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति से बागेश्वर जनपद सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को अब स्थानीय स्तर पर ही बेहतर एवं विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उपचार की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आने की अपेक्षा है। उन्होंने सभी मरीजों को जिला अस्पताल में समुचित चिकित्सा व्यवस्था बनाने और मरीजों का उचित इलाज मुहैया कराने की बात कही। मालूम हो कि चिकित्सा अधीक्षक शर्मा का अब तक का कार्यकाल उत्कृष्ट और सराहनीय रहा है।

# रेड क्रॉस ने नर्सिंग संस्थान में सीपीआर व आपदा सहायता का दिया प्रशिक्षण

**अल्मोड़ा।** मां अंबे इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस में रेड क्रॉस समिति की ओर से व्याख्यान और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार और सामाजिक सेवा से जुड़े विषयों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान की प्रबंधक चंपा कनवाल ने संस्थान की गतिविधियों और नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी देकर की। इसके बाद रेड क्रॉस से जुड़े वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। पूर्व स्वास्थ्य निदेशक डॉ. जे सी दुर्गापाल ने रेड क्रॉस के इतिहास, उद्देश्य और कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए युद्ध और शांति के समय किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने दुर्घटना के बाद 'गोल्डन ऑवर' के महत्व और गर्मियों में आंखों से संबंधित समस्याओं से बचाव के उपाय भी बताए। जिला चेयरपर्सन आशीष वर्मा ने सीपीआर की प्रक्रिया को समझाते हुए छात्र-छात्राओं को डमी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया और बताया कि आपात स्थिति में किस प्रकार मानसिक संतुलन बनाए रखते हुए मरीज की सहायता की जाती है। रेड क्रॉस सदस्य हरीश कनवाल ने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी दी और रक्तदान के महत्व पर जोर देते हुए युवाओं से नियमित रक्तदान करने की अपील की। वहीं अनूप साह ने डिजिटल बैंकिंग और साइबर धोखाधड़ी के प्रति जागरूक करते हुए फिशिंग, सिम स्वैपिंग और क्यूआर कोड से जुड़े फ्रॉड से बचने के उपाय बताए। कार्यक्रम में रेडक्रॉस पदाधिकारियों सहित संस्थान के प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिए भूमि आवंटन में तेजी लाने के निर्देश

**अल्मोड़ा।** क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिए भूमि आवंटन प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने संयुक्त निरीक्षण में शिथिलता पर नाराजगी जताई और संबंधित विभागों को समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में राजस्व, वन और लोक निर्माण विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विकास परियोजनाओं और सड़क निर्माण के लिए आवश्यक क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु भूमि की उपलब्धता और समयबद्ध हस्तांतरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। चिह्नित भूमि का संयुक्त निरीक्षण कर लैंड बैंक तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि भविष्य में प्रस्तावों के निस्तारण में कोई बाधा न आए। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपजिलाधिकारी और वन क्षेत्राधिकारी को संयुक्त रूप से साप्ताहिक आधार पर प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए, जिससे कार्यों में तेजी लाई जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह, अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र, संयुक्त मजिस्ट्रेट गौरी प्रभात, उपजिलाधिकारी संजय कुमार, रिंकू बिष्ट, याक्षी अरोड़ा और लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने और राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश

**अल्मोड़ा।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में कानून-व्यवस्था, राजस्व वसूली तथा विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिवहन विभाग, नियमित पुलिस, राजस्व पुलिस, वन विभाग और राजस्व विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए विभागीय प्रगति, लंबित मामलों और राजस्व न्यायालयों में चल रहे प्रकरणों पर चर्चा की गई। बैठक में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए आपराधिक गतिविधियों, विशेषकर महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर वहां विशेष निगरानी रखने और किसी भी आपराधिक घटना पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया। मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज़ किए गए वाहनों के समयबद्ध निस्तारण तथा प्रवर्तन कार्यों को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। राजस्व प्राप्ति और कर संग्रह की समीक्षा के दौरान निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करने और राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण पर भी जोर दिया गया। मुख्यमंत्री कोष से आर्थिक सहायता से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा, अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र, नगर आयुक्त सीमा विश्वकर्मा, संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत गौरी प्रभात, उपजिलाधिकारी संजय कुमार सहित सभी तहसीलदार और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मऊ में गेहूं काट रही छात्रा पर गुलदार का हमला छात्रा गंभीर रूप से घायल, डीएम ने अस्पताल पहुंच कर जाना हाल

**चंपावत।** जिले के बाराकोट ब्लॉक के मऊ (चोमेल) क्षेत्र में एक बार फिर से गुलदार ने अपनी दहशत फैला दी है। बुधवार शाम को गेहूं के खेत में घात लगा कर बैठे गुलदार ने छात्रा पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घायल छात्रा को ग्रामीण उपचार के लिए लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय लाए। जहा डॉक्टर बीना मेलकानी के द्वारा गुलदार के हमले में घायल हुई छात्रा का उपचार किया गया। उन्होंने बताया छात्रा के गले पर गंभीर घाव है जिनका प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय चंपावत रेफर कर दिया गया है जहां से छपरा की गंभीर हदत को देखते हुए उसे हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल रैफर कर दिया गया है। डॉक्टर बीना ने बताया छात्रा की हालत खतरे से बाहर है। वही सूचना पर जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचे जहां उनके द्वारा घायल छात्रा का हाल-चाल जाना तथा चिकित्सकों से छात्रा के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया घायल बच्ची को बेहतर से बेहतर उपचार दिया जाएगा कहा क्षेत्र में गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग को पिंजरा लगाने तथा गस्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। कहा छात्रा की जान बचाना प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने कहा प्रशासन पीडति परिवार की हर संभव मदद करेगा जिसके लिए अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। जिलाधिकारी के द्वारा घायल बच्ची के पिता का हौसला बढ़ाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया। सूचना पर एसडीएम लोहाघाट,वन विभाग की एसडीओ नेहा चौधरी व काली कुमाऊ रेंज के रेंजर राजेश जोशी , तहसीलदार लोहाघाट मोहिउद्दीन अस्पताल पहुंचे तथा घायल छात्रा का हाल-चाल जाना। एसडीओ नेहा चौधरी ने बताया वन विभाग नियमानुसार पीडति परिवार की पूरी मदद करेगा तत्काल 10 हजार रुपए की सहायता दी गई है। उन्होंने बताया कल गुलदार प्रभावित क्षेत्र में पिजड़ा लगाने की कार्रवाई की जाएगी और क्षेत्र में बन कर्मियों के द्वारा लगातार गस्त की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र वासियों से सतर्क रहने तथा बच्चों को अकेले इधर-उधर



ना भेजने की अपील की है। क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहन सिंह व ग्रामीण गणेश भंडारी ने बताया जीआईसी मऊ में कक्षा 12 में पढ़ने वाली छात्रा ज्योति ( 17 ) पुत्री कल्याण सिंह स्कूल से आने के बाद शाम 4:00 के लगभग अपनी सहेलियों के साथ खेत में गेहूं काटने के लिए गई हुई थी तभी 5:30 बजे के लगभग घात लगाए बैठे गुलदार ने अचानक उस पर हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्होंने बताया पास ही के खेत में काम कर रही महिलाओं के द्वारा बहादुरी दिखाते हुए गुलदार पर दराती व पत्थर फेंक कर हमला किया जिसके बाद गुलदार ज्योति को छोड़कर भाग गया। उन्होंने बताया सूचना मिलते ही समस्त ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और घायल ज्योति को कंधे में डाल क र गांव तक लाए जहां से वाहन के जरिए ज्योति को लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां। उन्होंने बताया आज सुबह भी गंगाली क्षेत्र में गुलदार ने दो बकरियों का शिकार किया हुआ था। क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहन सिंह व चामी के पूर्व प्रधान प्रकाश महर ने कहा गुलदार प्रभावित क्षेत्र में जीआईसी मऊ के अलावा आंगनबाड़ी केंद्र व प्राथमिक पाठशाला भी है और दूर-दूर गाव से बच्चे पैदल स्कूल आते हैं उन्होंने कहा अब बच्चों की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने शासन प्रशासन से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने तथा गस्त करने की मांग की है। बताया इस घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई है। वही जीआईसी मऊ के शिक्षक छात्रा का हाल-चाल जानने लोहाघाट अस्पताल पहुंचे। मालूम हो इस बार चंपावत जिले में गुलदार ने काफी आतंक मचाया है जहां गुलदार अभी तक दो लोगों की जान ले चुका है तथा तीन से चार लोगों को गंभीर रूप से

## गुलदार के हमले में घायल छात्रा पूरी तरह सुरक्षित: सीएमओ चंपावत

**चंपावत।** सीएमओ चंपावत डॉक्टर देवेश चौहान ने आज जानकारी देते हुए बताया गुलदार के हमले में गंभीर रूप से घायल छात्रा को लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय में उपचार के बाद चंपावत जिला चिकित्सालय रेफर किया गया था। सीएमओ चौहान ने बताया जहां घायल छात्रा का उपचार किया गया कथा गले में गंभीर घाव को देखते हुए ईएनटी सर्जन की राय पर कल रात को ही घायल को सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया गया था उन्होंने बताया जहां छात्रा के गले का ऑपरेशन हो चुका है और उसकी हालत अब खतरे से बाहर है। कहा जिलाधिकारी के द्वारा स्थिति पर पूरी तरह नजर रखी जा रही है।

# ग्राम प्रधान सँगठन ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

### जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, जल्द मांगे पूरी नही होने पर आंदोलन की चेतावनी



**बागेश्वर।** ग्राम प्रधान सँगठन अपनी विभिन्न मांगों के समाधान की मांग को लेकर लामबंद हो गया है। जिले के ग्राम प्रधानों ने प्रधान सँगठन के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर हुंकार भरी।

उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों के लिए अलग कार्ययोजना बनाने, ग्राम प्रधानों का मानदेय बढ़ाने तथा श्रमिकों का मानदेय 500 रुपये प्रतिदिन करने की मांग उठाई। साथ ही ग्राम पंचायतों के विकास के लिए पंचायतों को विकास में योगदान हेतु विकास निधि की राशि बढ़ाए जाने,ग्राम पंचायत के विकासमें वित्त के कार्य हेतु पुरानी प्रणाली के आधार पर कार्य करवाए जाने,वित्त के कार्यो में टेंडर एवं जीएसटी की लागू नीति को बंद करने की मांग की। वही सरकार से जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

उन्होंने गांव का विकास तो राष्ट्र का विकास, गांव सम्पन्न तो देश सम्पन्न के नारे लगाते हुए ग्राम प्रधानों को विकास हेतु बनी योजनाओं में ग्राम पंचायत को निश्चित समय मे गाँवो के सर्वागीण विकास में समुचित विकास निधि दिए जाने की मांग की। इस संबंध में सँगठन के जिलाध्यक्ष दीपक खेतवाल के नेतृत्व में तीनों विकास खंडों के अध्यक्षों के साथ डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को अपनी मांगों का ज्ञापन भेजा। गरुड़, बागेश्वर व कपकोट विकासखण्ड विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सदस्य मौजूद थे। इस दौरान कपकोट अध्यक्ष गोकुल पंचपाल, दीक्षा कोश्यारी, शेर सिंह बिष्ट, दीपा देवी, कमला देवी सरस्वती देवी, चंपा देवी, सरिता देवी,प्रवीण कुमार, गीता देवी, अंजना देवी, सरिता देवी आदि मौजूद थे।

# शारदा स्कूल का हाई स्कूल में शानदार प्रदर्शन




**अल्मोड़ा।** सीबीएसई बोर्ड का सत्र 2025-2026 का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। दसवीं कक्षा की परीक्षा में शारदा पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। चेतना फर्तियाल ने 97.4 प्रतिशत, सृष्टि साह ने 96.4 प्रतिशत, हर्षिता ने 96 प्रतिशत, तृप्ति ने 95.2 प्रतिशत, आरोही पांडे ने 95 प्रतिशत, अपेक्षा सिंह ने 95 प्रतिशत और विनीत तिवारी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कनिष्क जोशी, मलय जोशी, अक्षत शाह, हर्षिता पवार,याशिका चम्याल, सांची वर्मा, गुंजन, तिथि, मनीष सिंह, कुमकुम आर्य, गरिमा, अनिमेष जोशी, वैदेही वर्मा, हर्षिता जोशी, सौम्या अग्रवाल, नव्या शाह , स्नेहा और जीविका मेर ने 90प्रतिशत से अधिकअंक प्राप्त किए हैं। इन सभी छात्र/छात्राओं की विशेष सफलता पर विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता शेखर ने हर्ष व्यक्त करते हुए इन बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय में खुशी की लहर है और सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्रों को बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

## केंद्रीय विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा

**अल्मोड़ा।** केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा का 10 परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, परीक्षा में शामिल सभी 43 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। देवांश पालिवाल 96.5 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में टॉप रहे, उन्होंने 600 में से 579 अंक हासिल किए।

दूसरे स्थान पर सोनम सिंह रही उन्होंने 574 अंक हासिल किए उन्होंने 95.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, टॉपर्स में तीसरे स्थान पर जतिन बिष्ट रहे उन्होंने 94.16 प्रतिशत अंक हासिल किए, जतिन ने 565 अंक हासिल किए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रशासन ने अपार हर्ष व्यक्त किया है। प्रधानाचार्य मीना राणा, उप प्रधानाचार्य बी.राम, मीना बिष्ट सहित सभी शिक्षकों ने खुशी जाहिर कर सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

# स्प्रिंग डेल्स स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत



**अल्मोड़ा।** हमेशा की तरह इस वर्ष भी स्प्रिंग डेल्स स्कूल, अल्मोड़ा ने वार्षिक परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता हासिल करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की, जो विद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और अनुशासित वातावरण को दर्शाता है।

इस वर्ष परिणाम की सबसे विशेष उपलब्धि यह रही कि अधिकांश विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जिससे विद्यालय का गौरव और भी बढ़ गया। मेधावी विद्यार्थियों में निहारिका (96प्रतिशत), देवांग (93प्रतिशत) और गायत्री (91 प्रतिशत) ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इस उल्लेखनीय सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की लगन, अनुशासन और नियमित अभ्यास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का समर्पण और परिश्रम आगे भी विद्यार्थियों को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। वहीं, अभिभावकों ने भी विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में उत्साह और हर्ष का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी, आत्मविश्वास और सफलता की चमक साफ दिखाई दी।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने यह संकल्प भी लिया कि भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देकर शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे। यह 100 प्रतिशत परिणाम और विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन न केवल विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

# ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल का हाई स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत

**अल्मोड़ा ।** ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सत्र 2024-2025 के मेधावी छात्रों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह का प्रारम्भ प्रधानाचार्या सुरीना चौधरी, प्रबंधक हर्षवर्धन चौधरी द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया, तत्पश्चात् बाल कलाकारों ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत से सभी मेधावी छात्र छात्राएँ तथा अभिभावको का स्वागत किया। अभिभावको ने शिक्षकों के प्रति सराहना करते हुए अपने-अपने विचार मंच पर रखते हुए विद्यालय की सराहना की। प्रधानाचार्या ने बच्चों की इस सफलता के लिए सभी मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिसमे वरुणिका गुरुरानी 97 प्रतिशत, रिदमा वर्मा 96.8 प्रतिशत, गीतिका पांडे 95.8 प्रतिशत ,पीयूष तिवारी 93 प्रतिशत, शुभम सिंह जलाल 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। सम्मान कार्यक्रम में ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल,की प्रधानाचार्या सुरीना चौधरी, प्रबंधक हर्षवर्धन चौधरी, अभिभावक, समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएँ एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# रुद्रपुर के स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई में सफलता का बजाया डंका

## कोलम्बस के विद्यार्थियों ने 10वीं में अर्जित किया शत प्रतिशत परिणाम

**सुनील राणा**

**रूद्रपुर।** मॉडल कॉलोनी स्थित नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय कोलम्बस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने केंन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी0बी0एस0ई0) कक्षा 10वीं की परीक्षा में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।


Palak Saini 96.6%


Tapashya Sirohi 96.2%


Divyanshu Mehra 98.4%

विद्यालय के मेधावी छात्र दिव्यांशु मेहरा ने 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया, वहीं पलक सैनी ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व तपस्या सिरोही ने 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के अनेक छात्र–छात्राओं ने विभिन्न विषयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विषयवार उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। आई0टी0 विषय में दिव्यांशु मेहरा, वृन्दा खेड़ा व वैनवी नेगी ने 100 अंक अर्जित किए। अंग्रेजी विषय में वृन्दा खेड़ा व राजनंदिनी चौहान ने 100 अंक, विज्ञान विषय में दिव्यांशु मेहरा ने 99 अंक, सामाजिक विज्ञान विषय में तपस्या सिरोही ने 99 अंक, गणित विषय में दिव्यांशु मेहरा ने 97 व हिन्दी विषय में राजनंदिनी चौहान ने 98 अंक प्राप्त कर विषयवार उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने कुल 293 विषयों में विषयवार डिस्टिंक्शन प्राप्त कर शैक्षणिक उत्कृष्टता का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

विद्यालय के छात्र–छात्राओं की शानदार सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन केसरदास खेडा ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएँ प्रेषित कर शुभाशीष दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज खेड़ा ने विद्यार्थियों की स्वर्णिम सफलता पर खुशी जताते हुए सभी छात्र–छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे और संस्थान का नाम रोशन करेंगे। साथ ही, उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने और निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया।

# रेनबो पब्लिक स्कूल 10वीं का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत


SAGAR RASTOGI 98.4% I | ADITI SAXENA 98% II | SAMBHAV SINGH 97.4% III | AHAM GANGWAR 97.2% IV | UJJWAL MISHRA 96.6% V

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** सी.बी.एस.ई की 10वीं कक्षा का परीक्षाफल घोषित किया गया जिसमे रेनबो पब्लिक स्कूल आदर्श कालोनी, रूद्रपुर का परीक्षाफल शत प्रतिशत (100%) रहा। विद्यालय के छात्र सागर रस्तोगी ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, अदिति सक्सेना ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और सम्भव सिंह ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा अहम गंगवार ने 97.2 प्रतिशत, उज्जवल मिश्रा ने 96.6 प्रतिशत, यामिनी भट्ट ने 96.4 प्रतिशत एवं मयंक सिंह ने 95.4 प्रतिशत, गुंजन ग्रोवर एवं समर्थ ने 94.2 प्रतिशत, अरनव सिंह एवं दिव्यांशी तिवारी ने 93.6 प्रतिशत, श्रेया गुप्ता ने 93.4 प्रतिशत, पृथ्वी सिंह ने 92.8 प्रतिशत, वैदेही सिंह ने 92.2 प्रतिशत, वंशिका मलिक ने 92 प्रतिशत, तनिष्क एवं नमन जोशी ने 91.6 प्रतिशत, सचिन यादव, क्रिशन गुप्ता एवं वर्षिता ने 91.4 प्रतिशत, सुमाईला ने 90.2 प्रतिशत, कार्तिक कुमार 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर योग्यता सूची में स्थान प्राप्त किया।सामाजिक विज्ञान मे सागर रस्तोगी एवं गुंजन ग्रोवर ने अधिकतम 100 (शत प्रतिशत) अंक प्राप्त किये। अंग्रेजी में अहम गंगवार, सागर रस्तोगी एवं अदिति सक्सेना ने अधिकतम 100 (शत प्रतिशत) अंक प्राप्त किये। गणित मे सागर रस्तोगी ने अधिकतम 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इनफोरमेशन टेक्नोलोजी मे संभव सिंह, यामिनी भट्ट, अहम गंगवार अदिति सक्सेना एवं अर्नव सिंह ने अधिकतम 100 मे 100 (शत प्रतिशत) अंक प्राप्त किये। हिन्दी मे संभव सिंह ने अधिकतम 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

विज्ञान मे सागर रस्तोगी ने अधिकतम 97 अंक प्राप्त किये। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार अग्रवाल ने परीक्षाफल पर हर्ष प्रकट किया और अध्यापकों, अभिभावकों तथा बच्चों को बधाई दी। विद्यालय के प्रबन्धक संजीव कुमार तथा प्रबन्धन समिति की सदस्या श्रीमती गीतांजलि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। उप–प्रधानाचार्य मिस स्मिता पाठक ने बच्चों के अथक परिश्रम को ही सफलता का मंत्र बताया एवं समस्त अध्यापक – अध्यापिकाओं ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों को बधाई दी।

# एमेनिटी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने रचा इतिहास

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** एमेनिटी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने इस वर्ष कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2025–26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला।




विद्यालय के कुल 68 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। इस वर्ष का सर्वश्रेष्ठ परिणाम मो. अंसार ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल किया। इसके अलावा सोमेश कुमार ने 99 प्रतिशत, सिद्धांत इशपुजानी और केदारनाथ ग्रोवर ने 98.6 प्रतिशत, जबकि भावलीन कौर, कात्यायनी वर्मा और दर्शिल यादव ने 97.8 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह सफलता केवल अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। छात्रों ने लंबे समय तक निरंतर अध्ययन, अभ्यास और धैर्य के साथ इस मुकाम को हासिल किया है विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों का सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना।इस अवसर पर विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल रहा और सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी गई। विद्यालय परिवार ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे आगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे।

# पत्रकार पोखरियाल के परिवार की मदद करेगी सरकार : भट्ट



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ पत्रकार भास्कर पोखरियाल के निधन पर उनके आवास पर सांसद अजय भट्ट पहुंचे और उनके परिवार जनों मुलाकात की। उन्होंने भास्कर पोखरियाल के निधन गहरा दुख जताया और परिवार जनों को हर संभावना मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सरकार से भी मदद कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि भास्कर पोखरियाल ने पत्रकार जगत में एक अलग पहचान बनाई थी और उसे पहचान को उनका बेटा कायम रखेगा। सांसद अजय भट्ट ने बताया कि धामी सरकार हमेशा पत्रकारों के हितों के लिए काम करती रही है। उन्होंने भास्कर के बेटे यश पोखरियाल, भास्कर पोखरियाल की पत्नी और बेटी को ढांढस बंधाया।इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली, कुंदन राठौर भी मौजूद रहे।

# स्मॉल आर्म्स फैक्ट्री में अखिल भारतीय अराजपत्रित अधिकारी संघ की बैठक

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**मेरठ/गाजियाबाद।** स्मॉल आर्म्स फैक्ट्री के सीनियर क्लब में अखिल भारतीय अराजपत्रित अधिकारी संघ की अखिल भारतीय परिषद की बैठक आयोजित की गई।




बैठक में देशभर की विभिन्न निर्माणियों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया और कर्मचारियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक सुरेश कुमार सचान ने की, जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष जय जय वर्धन रेड्डी के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। राष्ट्रीय सचिव अजय ने संचालन करते हुए रक्षा मंत्रालय और अन्य विभागों के साथ हुई वार्ताओं की जानकारी साझा की। इस दौरान संगठन के वरिष्ठ सदस्यों गिरीश चंद्र उप्रेती, उमाशंकर तथा कोलकाता से आए एक वरिष्ठ सदस्य को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने उनके लंबे ट्रेड यूनियन अनुभव और संगठन के प्रति समर्पण की सराहना की। बैठक में कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में छठे वेतन आयोग की विसंगतियों का समाधान, एमसीएम/एससीएम पदोन्नति, एलडीसी प्रमोशन, वेतन निर्धारण और अन्य नीतिगत सुधार शामिल रहे। संगठन ने स्पष्ट किया कि जब तक इन मांगों पर ठोस निर्णय नहीं होता, तब तक विरोध जारी रहेगा।राष्ट्रीय सचिव अजय ने बताया कि संगठन अपनी मांगों को रक्षा मंत्री, प्रधानमंत्री, रक्षा सचिव सहित विभिन्न मंत्रालयों के समक्ष रख रहा है। साथ ही भविष्य में दिल्ली या कोलकाता में 300 से 500 कर्मचारियों की भागीदारी के साथ धरना आयोजित करने की भी योजना बनाई जा रही है। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया तथा संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

# मंगलवार बंदी के खिलाफ जनता मुखर

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** शहर में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लोगों की चिंता अब खुलकर सामने आने लगी है। मंगलवार को मेडिकल स्टोर बंद रहने की परंपरा से परेशान स्थानीय नागरिकों ने इसके विरोध में आवाज उठाई है। समाजसेवी अविनाश वाल्मीकि के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर मेडिकल स्टोरों को सप्ताह के सातों दिन खोलने की मांग की।ज्ञापन में कहा गया है कि बीमारी कभी समय देखकर नहीं आती, लेकिन वर्तमान व्यवस्था के तहत सप्ताह में एक दिन, विशेष रूप से मंगलवार को सभी मेडिकल स्टोर बंद रहते हैं। ऐसी स्थिति में अचानक तबीयत खराब होने या दुर्घटना की स्थिति में लोगों को दवाओं के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।प्रदर्शनकारियों का कहना है कि समय पर दवा न मिलने से कई बार मरीजों की हालत गंभीर हो जाती है। मजबूरी में लोगों को अन्य क्षेत्रों या शहरों की ओर रुख करना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक और शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।समाजसेवी अविनाश वाल्मीकि ने मेडिकल एसोसिएशन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की अपील करते हुए बंदी के नियम में बदलाव की मांग की है। उन्होंने कहा कि जनहित को देखते हुए मेडिकल स्टोरों को प्रतिदिन संचालित किया जाना चाहिए, ताकि शहरवासियों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।ज्ञापन सौंपने वालों में रोहित, अनिकेत, चंदन, सन्नी, कुसुम और चंद्रपाल समेत कई नागरिक शामिल रहे।



# नारियाल गांव मे बनेगा कृषि महाविद्यालय

## 600 नाली भूमि चिन्हित आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा परिसर



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा संख्या 602/2025 के क्रम में जनपद चम्पावत में प्रस्तावित कृषि महाविद्यालय की स्थापना को लेकर प्रशासन द्वारा तेजी से कार्यवाही की जा रही है।इस हेतु विकासखंड चम्पावत के नरियालगांव में लगभग 600 नाली भूमि का चिन्हीकरण कर लिया गया है।

इस महत्वपूर्ण परियोजना के संबंध में जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर से आए विशेषज्ञों ने प्रतिभाग करते हुए महाविद्यालय की स्थापना, संरचना, पाठ्यक्रम एवं दीर्घकालिक विकास को लेकर अपने तकनीकी सुझाव प्रस्तुत किए।

विशेषज्ञों ने क्षेत्रीय कृषि परिस्थितियों, स्थानीय फसलों, अनुसंधान की संभावनाओं एवं आधुनिक कृषि तकनीकों को ध्यान में रखते हुए संस्थान को विकसित करने पर बल दिया।जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, सीएनडीएस को निर्देशित किया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की गाइडलाइन के अनुरूप विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन शीघ्र तैयार किया जाए, जिससे महाविद्यालय को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जा सके।

बैठक में अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि प्रस्तावित महाविद्यालय परिसर को सुव्यवस्थित ढंग से तीन प्रमुख जोनों में विभाजित करते हुए विकसित करने की योजना बनाई गई है।प्रस्तावित योजना के अनुसार प्रथम जोन (एकेडमिक जोन) में दो अत्याधुनिक शैक्षणिक भवनों के साथ एक प्रशासनिक भवन का निर्माण किया जाएगा, जहां शिक्षण, प्रयोगशालाएं एवं प्रशासनिक कार्य संचालित होंगे। द्वितीय एवं तृतीय जोन में आवासीय परिसर एवं छात्रावास (हॉस्टल ब्लॉक) विकसित किए जाएंगे, जिससे छात्र-छात्राओं एवं कार्मिकों के लिए समुचित आवासीय सुविधा उपलब्ध हो सके।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि महाविद्यालय का डिजाइन तैयार करते समय भविष्य में विस्तार की संभावनाओं को विशेष रूप से ध्यान में रखा जाए, ताकि आने वाले समय में नए पाठ्यक्रम, शोध केंद्र एवं अन्य अधोसंरचनात्मक सुविधाओं को सहज रूप से जोड़ा जा सके।

उन्होंने परिसर को एक आधुनिक एवं समग्र शैक्षणिक संस्थान के रूप में विकसित करने पर बल देते हुए कहा कि इसमें ऑडिटोरियम, इन्क्यूबेशन सेंटर, कम्प्यूटर सेंटर, समृद्ध डिजिटल लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लासरूम, अनुसंधान प्रयोगशालाएं एवं अन्य आवश्यक आधुनिक सुविधाएं भी अनिवार्य रूप से शामिल की जाएं।बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि महाविद्यालय की स्थापना केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित न रहकर क्षेत्रीय कृषि विकास, नवाचार, स्टार्टअप्स एवं किसानों के प्रशिक्षण का भी एक प्रमुख केंद्र बने। इसके माध्यम से स्थानीय युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कृषि शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ करने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र अंतिम रूप देते हुए शासन को प्रेषित किया जाए, ताकि आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त कर निर्माण कार्य समयबद्ध रूप से प्रारंभ किया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, जिला विकास अधिकारी दिनेश सिंह दिगारी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ वसुंधरा गर्ब्याल, जिला उद्यान अधिकारी मोहित मल्ली, पंतनगर विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## रोसाल गांव में गर्भवती महिलाओं से संवाद

**लोहाघाट।** शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे आईईसी जागरूकता अभियान के तहत लोहाघाट ब्लॉक के ग्राम रोसाल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य टीम ने गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों से संपर्क कर आईपीसी बैठकों के माध्यम से संस्थागत प्रसव के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने गर्भवती महिलाओं को होम डिलीवरी के संभावित खतरों के प्रति सचेत करते हुए अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराने की सलाह दी। साथ ही गर्भवती महिलाओं को सरकार की ओर से दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं और विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई।बैठक में प्रसव से पूर्व बर्थ प्लान पर भी चर्चा की गई, जिसमें प्रसव के समय आवश्यक तैयारियां, अस्पताल जाने की व्यवस्था और जरूरी सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के जागरूकता अभियानों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देना और हर गर्भवती महिला का संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करना है, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके।

# यूकेडी के दिग्गज नेता काशी सिंह एड़ी का लोहाघाट में जोरदार खैरमकदम, होंगे सीएम चेहरा

### प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री को नेपाल के युवा प्रधानमंत्री से सीखने की जरूरत : एड़ी

- **2027 में जनता के सहयोग से उत्तराखंड में बनेगी यूकेडी की सरकार**
- **एड़ी को मुख्यमंत्री पद का प्रत्याशी घोषित करने से यूकेडी कार्यकर्ताओं में भारी जोश व उत्साह**



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**लोहाघाट।** उत्तराखंड क्रांति दल ने यूकेडी के दिग्गज नेता संस्थापक सदस्य व पूर्व विधायक व राज्य आंदोलन के पुरोधा काशी सिंह एड़ी को 2027 विधानसभा चुनाव के लिए यूकेडी ने मुख्यमंत्री का चेहरा बनाया है। प्रदेश में काशी सिंह एड़ी के नेतृत्व में उत्तराखंड क्रांति दल चुनाव लड़ेगा। बुधवार को यूकेडी नेता काशी सिंह एड़ी लोहाघाट पहुंचे । लोहाघाट पहुंचने पर चंपावत जिला प्रभारी प्रहलाद सिंह मेहता के नेतृत्व में यूकेडी नेताओं ने फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। प्रेस वार्ता कर एड़ी ने कहा पार्टी के द्वारा मुझे मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने के लिए में पार्टी के समस्त पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं। कहां यूकेडी वही पुराने जोश के साथ 2027 विधानसभा का चुनाव लड़ेगी और उत्तराखंड में जनता के सहयोग से सरकार बनाएगी।

उन्होंने कहा पार्टी गैरसेंण में राजधानी बनाने, मूल निवास, तथा जल जंगल जमीन के मुद्दों को लेकर चुनाव में मैदान में उतरेगी और जनता के बीच जाएगी। उन्होंने कहा इन्हें 26 सालों में कांग्रेस और भाजपा ने बारी-बारी से उत्तराखंड राज्य व वहां के निवासियों का शोषण किया जो आज भी जारी है। कहा 26 सालों में कई सरकारी स्कूल बंद हो गए हैं और शराब की दुकानें बढ़ गई है। कहा दोनों पार्टी ने प्रदेश में बाहरी लोगों को बढ़ावा दिया और मूल निवासियों के हितों का हनन किया है।

कहा प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ते जा रही है। प्रदेश के युवा छोटी-मोटी नौकरियों के लिए भी बाहरी राज्यों की शरण ले रहे हैं जिस कारण गांव से बड़ी तेजी से पलायन हो रहा है। प्रदेश की शिक्षा,सड़क व शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है देवभूमि में अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी डोली में मरीजों को ढोया जा रहा है। कई घोटाले भाजपा और कांग्रेस के शासन में हो चुके हैं। कहा प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को नेपाल के युवा प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से सीखने की जरूरत है। काशी सिंह एड़ी ने कहा 2027 विधानसभा चुनाव में जनता के सहयोग से उत्तराखंड क्रांति दल प्रदेश में सरकार बनाने जा रहा है।

उन्होंने कहा पहले राज्य बनाया था अब राज्य बचाएंगे। तो वहीं यूकेडी जिला प्रभारी प्रहलाद सिंह मेहता व यूकेडी नेताओं ने कहा राज्य आंदोलन के पुरोधा व यूकेडी के दिग्गज नेता काशी सिंह एड़ी को पार्टी का मुख्यमंत्री पद का प्रत्याशी बनाए जाने से पार्टी को एक नई ताकत व ऊर्जा मिली है उन्होंने कहा पार्टी का हर छोटा बड़ा कार्यकर्ता पूरे जोश खरोश के साथ 2027 विधानसभा चुनाव काशी सिंह एड़ी के नेतृत्व में लड़ेगा और यूकेडी ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। इस दौरान गणेश उप्रेती, गिरधर अधिकारी, के.डी सुतेड़ी, भुवन खर्कवाल, रमेश बिष्ट, मनोज जोशी, हिमांशु ओली, हरीश अधिकारी, महेश डिक्टिया, भुवन बिष्ट , पूरन सिंह रावत, सौरभ देऊपा, राजेंद्र पुनेठा, प्रहलाद सिंह बिष्ट, हरसिंह नलवा, भवान सिंह बिष्ट हरीश भंडारी, लक्ष्मन सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे।

## गणना पोर्टल से जुड़ें नागरिक जनगणना-2027 को सफल बनाएं

**चंपावत।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का महत्वपूर्ण कार्य आगामी 25 अप्रैल से 24 मई 2026 तक उत्तराखण्ड राज्य में डिजिटल माध्यम से संपन्न किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जनपद के समस्त अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार जनगणना प्रक्रिया को पूर्णतः आधुनिक स्वरूप दिया गया है। प्रगणकों द्वारा डेटा संकलन हेतु विशेष एचएलओ एप्लीकेशन का उपयोग किया जाएगा, जिससे कार्य की गति और सटीकता दोनों में वृद्धि होगी। साथ ही आम नागरिकों की सुविधा के लिए स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। इसके लिए एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया गया है, जो 10 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 तक खुला रहेगा। इस अवधि में नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे।जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि 10 अप्रैल से 24 अप्रैल के मध्य संचालित स्व-गणना प्रक्रिया के तहत स्व-गणना कर सभी लोग आमजन में जागरूकता बढ़ाये और अधिक से अधिक लोगों को इस डिजिटल पहल से जोड़ें। स्व-गणना की 15 दिवसीय अवधि पूर्ण होने के उपरांत अगले 30 दिनों तक प्रगणक घर-घर जाकर आंकड़ों का संकलन करेंगे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे डेटा प्रविष्टि के दौरान पूर्ण पारदर्शिता एवं शुद्धता बनाए रखें।

## मकान सूचीकरण एवं भवन गणना पर आधारित प्रगणक और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण जारी।

**लोहाघाट।** विकासखंड लोहाघाट के नगर पालिका सभागार में जनगणना 2027 के अंतर्गत तीन दिनों तक चलने वाला प्रगणक और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रशिक्षण में बाराकोट, लोहाघाट और पाटी तहसीलों के 50 प्रगणक और सुपरवाइजर प्रतिभाग कर रहे हैं। मुख्य फील्ड प्रशिक्षक डॉ. कमल गहतो ?ी ने बताया कि जनगणना आयुक्त भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं भवन गणना आगामी 25 अप्रैल से प्रारंभ हो रही है, जिसके लिए स्वगणना का कार्य भी वर्तमान में जारी है। प्रथम फेरे में कुल निर्धारित 34 प्रश्नों पर प्रतिभागियों को उनकी विभिन्न शंकाओं के समाधानों पर सैद्धांतिक, व्यावहारिक एवं अभ्यास आधारित गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागी पूर्ण मनोयोग से अभ्यास कार्य में प्रतिभाग कर रहे हैं एवं अपनी जिज्ञासाओं का समाधान कर रहे हैं। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सौरभ नेगी के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों की शत प्रतिशत उपस्थिति है एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण मानकानुसार संपादित किया जा रहा है। इससे पूर्व उद्घाटन अवसर पर एसडीएम लोहाघाट नीतू डांगर ने प्रतिभागियों से मकान सूचीकरण के कार्य को पूर्ण तत्परता के साथ त्रुटि रहित संपादित करने का आह्वान किया। पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा द्वारा भी प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण के आयोजन में फील्ड ट्रेनर आईटीआई खेतीखान के अनुदेशक हरिश्चंद्र पांडे, नगर पालिका लोहाघाट के प्रकाश चंद्र उप्रेती आदि का सहयोग सराहनीय है।

# आर्मी स्कूल 25 छात्रों के 90 प्रतिशत से अधिक अंक

**पर्वत प्रेरणा ब्यूरो**

**अल्मोड़ा।** शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले आर्मी पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा ने इस वर्ष भी सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है, जिसमें छात्राओं ने शीर्ष स्थानों पर अपना वर्चस्व कायम किया है।

विद्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, ख्याति ने 98.60 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनके ठीक पीछे आकांक्षा गोस्वामी रहीं, जिन्होंने 98.20 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महक कनवाल ने 97.80 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

इसके अतिरिक्त, मनन भोज और जिया चम्याल दोनों ने ही 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस वर्ष आर्मी पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा का परिणाम हर पहलू से सराहनीय रहा।

स्कूल के मेधावी बच्चों में प्रथम ख्याति 98.60 प्रतिशत, द्वितीय आकांक्षा गोस्वामी 98.20 प्रतिशत, तृतीय महक कनवाल 97.80 प्रतिशत, चतुर्थ मनन भोज 97.60 प्रतिशत, पंचम जिया चम्याल 97.60 प्रतिशत रही।

## पार्वती कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल धौलछीना का शत प्रतिशत

**अल्मोड़ा।** सी. बी. एस. ई. ने बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है जिसमें पार्वती कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल धौलछीना का 10 वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

विद्यालय के सौरभ नेगी नेगी सर्वाधिक 96प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम हितेश महरा ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा तथा 93 प्रतिशत अंकों के साथ कोमल महरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद महरा ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रेट जांच एसडीएम लोहाघाट करेंगी

**लोहाघाट।** 8 अप्रैल 2026 को सुबह लगभग 10ः00 बजे के आसपास वाहन संख्या uk03 ta0701 लोहाघाट ब्लॉक के ग्राम मड़चमार से झडपतिया की और आ रही थी तभी काठा नामक स्थान पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई ।जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनमें से एक व्यक्ति की उपचार के दौरान हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल में मृत्यु हो गई थी तथा एक घायल व्यक्ति का उपचार चल रहा है। मामले में जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार के द्वारा दुर्घटना के मजिस्ट्रेट जांच के आदेश जारी किए। दुर्घटना की जांच एसडीएम लोहाघाट नीतू डांगर के द्वारा की जाएगी। एसडीएम लोहाघाट ने जांच के आदेश जारी करते हुए बताया इस दुर्घटना के संदर्भ में कोई भी व्यक्ति अगर कोई जानकारी या सूचना देना चाहता है तो 20 अप्रैल 2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर उनके कार्यालय में प्रातः 10ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक सूचना लिखित या मौखिक रूप से दे सकता है।

# तौल व्यवस्था ठप, किसानों का फूटा गुस्सा, एसएमओ दफ्तर पर जड़ा ताला

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** गेहूं खरीद प्रक्रिया में सुस्ती और सरकारी कांटों पर तौल बंद रहने से आक्रोशित किसानों ने बुधवार को वरिष्ठ विपणन अधिकारी



(एसएमओ) कार्यालय पर तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के नेतृत्व में जुटे किसानों ने कार्यालय गेट पर ही धरना शुरू कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन बार-बार आश्वासन देकर भी तौल शुरू नहीं करा पा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष गुरसेवक सिंह मोहार ने कहा कि पहले एक अप्रैल, फिर सोमवार तक तौल शुरू करने की बात कही गई, लेकिन अब तक पोर्टल बंद होने का बहाना बनाया जा रहा है। इससे किसानों में भारी नाराजगी है। किसानों का कहना है कि एमएसपी पर खरीद में देरी के चलते उन्हें अपनी उपज बाजार में कम दाम पर बेचनी पड़ रही है। वर्तमान में गेहूं का भाव करीब 2300 रुपये प्रति कुंतल है, जिससे प्रति कुंतल लगभग 300 रुपये का नुकसान हो रहा है। किसानों ने इसे अधिकारियों और बिचौलियों की मिलीभगत बताया।वहीं, एसएमओ विनय चौधरी ने स्पष्ट किया कि लक्ष्य पूरा होने के बाद पोर्टल में नई लिमिट मिलते ही तौल दोबारा शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अन्य केंद्रों पर भी लक्ष्य आवंटन न होने से खरीद प्रभावित है। आश्वासनों से असंतुष्ट किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र तौल शुरू नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरने में नवतेज पाल सिंह, दिलबाग सिंह, सुखवंत सिंह, गुरप्रीत सिंह दिओल, परविंदर सिंह, हरपाल सिंह, बलविंदर सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।

# 10वीं बोर्ड परीक्षा में छात्रों की मेहनत और अनुशासन से चमका विद्यालय का नाम



**हल्द्वानी (निशिका रावत/पल्लवी पाण्डेय)।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में जहां हर साल की भांति इस बार भी छात्राओं ने बाजी मारी है वहीं काठगोदाम स्थित सेंट थेरेसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इस वर्ष छात्रों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। यहां 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट और उत्साहवर्धक रहे। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के मेधावी छात्र हर्ष पाठक ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि मोहम्मद फैज़ान ने 98.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसके अतिरिक्त अन्य अनेक विद्यार्थियों ने भी उच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और सुदृढ़ किया।

सफल विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय स्व-अध्ययन, कड़ी मेहनत, निरंतरता और प्रभावी समय प्रबंधन को दिया। उनका कहना है कि तैयारी के दौरान मोबाइल फोन और गेम्स जैसे आकर्षणों से ध्यान भटकना स्वाभाविक है, लेकिन आत्म-अनुशासन बनाए रखते हुए लक्ष्य पर केंद्रित रहना ही सफलता की कुंजी है।

विद्यार्थियों ने अपने जूनियर साथियों को सुझाव देते हुए कहा कि एनसीईआरटीकी पुस्तकों का गहन अध्ययन, कम से कम 10 सैंपल प्रश्न पत्रों का अभ्यास और आत्मविश्वास बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उनका मानना है कि नियमित अभ्यास और सही दिशा में किया गया प्रयास किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होता है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर राजेश एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का सामूहिक प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां न केवल विद्यालय का गौरव बढ़ाती हैं, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनती हैं।

शिक्षा विशेषज्ञों का भी मानना है कि बदलते शैक्षणिक परिवेश में अनुशासन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास ही सफलता के मूल आधार हैं, और यह परिणाम इस सत्य को पुनः प्रमाणित करता है।

# हल्द्वानी के तेजस तिवारी ने सरगुजा कप में जीता खिताब

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**हल्द्वानी।** छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर में आयोजित सरगुजा कप ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड शतरंज प्रतियोगिता में हल्द्वानी के नन्हे खिलाड़ी तेजस तिवारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-9 वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 10 अप्रैल से 13 अप्रैल तक अम्बिकापुर स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित हुई, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों



से कुल 302 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़े मुकाबले के बीच तेजस ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया.तेजस तिवारी सुभाष नगर, हल्द्वानी के निवासी हैं और दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 3 के छात्र हैं। कम उम्र में ही वे शतरंज के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं।लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड से सम्मानित तेजस देशभर में आयोजित प्रतियोगिताओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से हल्द्वानी सहित पूरे उत्तराखंड में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों और विद्यालय परिवार ने तेजस की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल का सीबीएसई 10वीं परिणाम उत्कृष्ट, प्रकृति पाण्डे ने 99प्रतिशत अंक हासिल किए

**पर्वत प्रेरणा ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा




10वीं के परीक्षा परिणाम में इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल का प्रदर्शन बेहद प्रशंसनीय रहा है। विद्यालय से इस वर्ष कुल 163 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 72 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। विद्यालय की छात्रा प्रकृति पाण्डे ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं दिग्विजय सिंह अधिकारी ने 98.6 प्रतिशत एवं देवांश जोशी ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।विषयवार प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। कुल 36 विद्यार्थियों ने आईटी विषय में, 13 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी में, एक विद्यार्थी ने हिन्दी में तथा एक विद्यार्थी ने सामाजिक विज्ञान में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए.इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. दीपक बल्यूटिया, चेयरपर्सन डॉ. गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर एवं उप-प्रधानाचार्या ममता तनेजा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने छात्रों की इस उपलब्धि को मेहनत, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम बताया।

# मानस में 10 वीं में शौर्य ग्वाल ने किया टॉप

**पिथौरागढ़।** जेबी मेमोरियल मानस एकेडमी का सीबीएसई का 10 वीं का परीक्षाफल



शत प्रतिशत रहा। कुल 214 छात्रों ने 10 वीं की बोर्ड परीक्षा दी थी। छात्र शौर्य ग्वाल ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम, गर्व ततरारी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय तथा सौम्या जोशी ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 15 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 40 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक तथा 100 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। संस्था के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार पंत, प्रबंधक कंचनलता पंत, निदेशक मीनू भट्ट, प्रशासनिक निदेशक देवाशीष पंत, मानस विहार की प्रधानाचार्य सुनीता रावत, सिटी कैम्पस की प्रधानाचार्य बेला भट्ट ने सभी विद्यार्थियों एवं उनके परिवारों को बधाई दी है।

# सीबीएसई के 10 वीं के जिला टॉपर ऋषभ को किया सम्मानित

**पिथौरागढ़।** सीबीएसई के 10 वीं के जिला टॉपर ऋषभ कफलिया को कांग्रेस महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष भावना नगरकोटी, पूर्व प्रधान दौला भूपेश नगरकोटी, रुक्मणि नगरकोटी, दीपा नगरकोटी, मंजू, रीतू, अनीता कापड़ी, भागीरथी कापड़ी, नंदा नगरकोटी, देवकी पुनेड़ा आदि ने दौला में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया। बीसी जोशी एपीएस के छात्र ऋषभ कफलिया ने सीबीएसई की 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए हैं। ऋषभ ने अंग्रेजी, हिंदी और सोशल साइंस में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। ऋषभ कफलिया के पिता सेवानिवृत्त सूबेदार जितेंद्र कफलिया हैं तथा माता सोनी कफलिया गृहिणी हैं तथा घर में ही सिलाई का कार्य करती हैं। वह मूल रूप से डीडीहाट निवासी हैं तथा वर्तमान में दौला ग्राम में निवास करते हैं। ऋषभ के जुड़वां भाई राघव कफलिया भी ऋषभ के साथ बीसी जोशी एपीएस में अध्ययन करते हैं।

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार, वारंटी भी दबोचा

**हल्द्वानी।** जनपद नैनीताल में चल



रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत मुखानी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है, साथ ही एक वारंटी को भी पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार 15 अप्रैल को फतेहपुर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान राजा राजपूत (24 वर्ष) को 64 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस मामले में थाना मुखानी में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।वहीं, 16 अप्रैल को पुलिस टीम ने हीरा सिंह बिष्ट को धारा 138 एनआई एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि अपराध और नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।